**दिनांक 11.10.2018 को निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत चयनित एच0एफ0ए0पी0ओ0ए0 कन्सलटेन्टों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थिति संलग्न है।**

1. **मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राईजेज प्रा0लि0:**—मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राईजेज प्रा0लि0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनको तीन क्लस्टर (चित्रकूट, मेरठ, मुरादाबाद) में भारत सरकार द्वारा विभिन्न सी0एस0एम0सी0 बैठकों में अब तक 106878 आवास स्वीकृत किये गये। एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अब तक 86706 की एन्ट्री की जा चुकी है तथा शेष 20172 एन्ट्री की जानी है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में कन्सलटेन्ट के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 9479 में से 5980 not found या अपात्र है, जिस कारण इन लाभार्थियों की एन्ट्री की जानी सम्भव नही है। अमान्य आधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 65 अमान्य आधार लम्बित है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा दिनांक 26.10.2018 तक समस्त एम0आई0एस0 एन्ट्री पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। एमआईएस स्पेशलिस्ट श्री हितेश पाठक द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के पोर्टल पर 31 मई, 2017 तक प्राप्त आवेदनों में से 317804 आवेदन पत्रों का अभी तक निस्तारण (Accept/Reject) नहीं हुआ है, जिसके लिए भारत सरकार से बार—बार निस्तारण हेतु कहा जा रहा है। इस पर दिनांक 01.11.2018 तक प्रत्येक दशा में उक्त का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

2. **मै0 स्टेसलिट सिस्टम्स लि0:**—मै0 स्टेसलिट सिस्टम्स लि0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनको चार क्लस्टर (अलीगढ़, मिर्जापुर, फैजाबाद, कानपुर,) में भारत सरकार द्वारा विभिन्न सी0एस0एम0सी0 बैठकों में अब तक 75233 आवास स्वीकृत किये गये। एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अब तक 63144 की एन्ट्री की जा चुकी है तथा शेष 12089 की एन्ट्री की जानी है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में कन्सलटेन्ट के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 12089 में से 5010 not found या अपात्र है, जिस कारण इन लाभार्थियों की एन्ट्री की जानी सम्भव नही है। अमान्य आधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 573 अमान्य आधार लम्बित है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा दिनांक 26.10.2018 तक समस्त एम0आई0एस0 एन्ट्री पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। एमआईएस स्पेशलिस्ट श्री हितेश पाठक द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के पोर्टल पर 31 मई, 2017 तक प्राप्त आवेदनों में से 64696 आवेदन पत्रों का अभी तक निस्तारण (Accept/Reject) नहीं हुआ है, जिसके लिए भारत सरकार से बार—बार निस्तारण हेतु कहा जा रहा है। इस पर दिनांक 01.11.2018 तक प्रत्येक दशा में उक्त का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. **मै0 विजन ई.आई.एस. कन्सलटिंग प्रा0लि0:**—मै0 विजन ई.आई.एस. कन्सलटिंग के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनको आवंटित तीन क्लस्टरों (झांसी, इलाहाबाद, सहारनपुर) में भारत सरकार द्वारा विभिन्न सी0एस0एम0सी0 बैठकों में अब तक 70060 आवास स्वीकृत किये गये, जिसके सापेक्ष अब तक 62919 की एम0आई0एस0 एन्ट्री की जा चुकी है तथा शेष 7141 की एन्ट्री की जानी है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में कन्सलटेन्ट के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 7141 में से 2120 not found या अपात्र है, जिस कारण इन लाभार्थियों की एन्ट्री की जानी सम्भव नही है। अमान्य आधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 33 अमान्य आधार हैं, जिसका संस्था द्वारा निस्तारण किया

जा रहा है। एम0आई0एस0 एन्ट्री एवं अमान्य आधार का कार्य रिप्लेसमेन्ट डाटा के साथ यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

4. **मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स इण्डिया प्रा0लि0:**—मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स इण्डिया प्रा0लि0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि संस्था को आवंटित चार क्लस्टरों (वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा) में भारत सरकार द्वारा विभिन्न सी0एस0एम0सी0 बैठकों में अब तक 131819 आवास स्वीकृत किये गये। एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अब तक 109277 की एन्ट्री की जा चुकी है तथा शेष 22542 की एन्ट्री की जानी है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में कन्सलटेन्ट के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 22542 में से 15240 not found या अपात्र है, जिस कारण इन लाभार्थियों की एन्ट्री की जानी सम्भव नही है। अमान्य आधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 2403 अमान्य आधार लम्बित है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा दिनांक 26.10.2018 तक समस्त एम0आई0एस0 एन्ट्री पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। एमआईएस स्पेशलिस्ट श्री हितेश पाठक द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के पोर्टल पर 31 मई, 2017 तक प्राप्त आवेदनों में से 95013 आवेदन पत्रों का अभी तक निस्तारण (Accept/Reject) नहीं हुआ है, जिसके लिए भारत सरकार से बार–बार निस्तारण हेतु कहा जा रहा है। इस पर दिनांक 01.11.2018 तक प्रत्येक दशा में उक्त का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

5. **मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डेवलपमेन्ट प्रा0लि0:**—मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डेवलपमेन्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनको आवंटित चार क्लस्टरों (आजमगढ़, बरेली, बस्ती, देवीपाटन) में भारत सरकार द्वारा विभिन्न सी0एस0एम0सी0 बैठकों में अब तक 52675 आवास स्वीकृत किये गये। एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अब तक 45887 की एन्ट्री की जा चुकी है तथा शेष 6788 की एन्ट्री की जानी है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री के सम्बन्ध में कन्सलटेन्ट के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 6788 में से 3210 not found या अपात्र है, जिस कारण इन लाभार्थियों की एन्ट्री की जानी सम्भव नही है। अमान्य आधार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि 391 अमान्य आधार लम्बित है। लम्बित एम0आई0एस0 एन्ट्री पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा दिनांक 26.10.2018 तक समस्त एम0आई0एस0 एन्ट्री पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। एमआईएस स्पेशलिस्ट श्री हितेश पाठक द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के पोर्टल पर 31 मई, 2017 तक प्राप्त आवेदनों में से 38653 आवेदन पत्रों का अभी तक निस्तारण (Accept/Reject) नहीं हुआ है, जिसके लिए भारत सरकार से बार–बार निस्तारण हेतु कहा जा रहा है। इस पर दिनांक 01.11.2018 तक प्रत्येक दशा में उक्त का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**उक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देश दिये गये:**—

1. भारत सरकार द्वारा किसी भी स्वीकृत परियोजना में मात्र एक बार ही लाभार्थी का रिप्लेसमेन्ट किया जाना है, इसलिए रिप्लेसमेन्ट डाटा में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए।
2. शत–प्रतिशत एम0आई0एस0 एन्ट्री एवं अमान्य आधार को ठीक करने का कार्य दी गयी डेड लाईन के अन्तर्गत पूर्ण करायें।

3. भारत सरकार के पोर्टल पर दिनांक 31.05.2017 तक प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों का निस्तारण दी गयी समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण करायें।
4. एम0आई0एस0 एन्ट्री कर रहे समस्त कर्मियों की सूची एवं कार्य कर रहे स्थान की सूचना के साथ sltc.suda@gmail.com पर उपलब्ध करायें।
5. बैठक के एजेन्डा बिन्दु के अनुसार आख्या तत्काल उपलब्ध करायी जाए।
6. समस्त कन्सलटेन्ट्स आवंटित नगर निकायों में से 50 प्रतिशत एच0एफ0ए0पी0ओ0ए0 अक्टूबर माह के अन्त तक जमा करा दें।
7. भारत सरकार से स्वीकृत परियोजनाओं में अपात्र लाभार्थियों की सूची डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट के साथ संयुक्त जांच कराकर सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा को उपलब्ध करायें, जिससे अभ्यर्पण की डीपीआर तैयार की जा सके। इसकी एक प्रति sltc.suda@gmail.com पर भी उपलब्ध करायें।

अन्त में सभी एचएफएपीओए कन्सलटेन्ट्स को निर्देशित किया गया कि समय सीमान्तर्गत कार्यो को पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में शर्तों के उल्लंघन के फलस्वरूप नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराते हुए वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं उत्तरदायी होगें।

(उमेश प्रताप सिंह)
निदेशक

संख्याः—५५५८/01/29/एचएफए—15/2018—19 दिनांक 17 अक्टूबर, 2018

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—</u>**

1. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परि0 अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
2. समस्त हाऊसिंग फॉर ऑल प्लान ऑफ एक्शन कन्सलटेन्ट्स।
3. समस्त डींपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स।
4. समस्त एस0एल0टी0सी0, सूडा।
5. सहा0 परियोजना अधिकारी/वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. गार्ड फाइल।

17/10/2018

(उमेश प्रताप सिंह)
निदेशक